राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
भारत सरकार

साक्षर भारत पुरस्कार-2017

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण, भारत सरकार ने साक्षरता एवं कौशल विकास के क्षेत्र में कार्यरत संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए साक्षर भारत पुरस्कार की स्थापना की है। ये पुरस्कार 8 सितम्बर, 2017 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाएंगे।

अधोलिखित श्रेणियों के लिए साक्षर भारत पुरस्कार-2017 हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैः

1. **राज्य**- राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण (एसएलएमएज)
2. **जिला**- जिला लोक शिक्षा समितियां (जेडएलएसएसेज)
3. **ग्राम पंचायत**- ग्राम लोक शिक्षा समितियां (जीएलएसएसेज)
4. **रिसोर्स सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन** यथा यूनिवर्सिटी डिपा. ऑफ एडल्ट एण्ड कन्टिन्यूइंग एजुकेशन, एसआरसीज, जेएसएसेज तथा अन्य संगठन।

साक्षर भारत पुरस्कार आवेदनों की एक विशेष रूप से गठित जूरी द्वारा जांच की जाएगी तथा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। पुरस्कार की प्रत्येक श्रेणी हेतु पृथक आवेदन करें। निर्धारित आवेदन प्रपत्र एसएनडीटी विमेन'ज यूनीवर्सिटी वेबसाइटः **sndt.ac.in** पर उपलब्ध हैं। विधिवत् भरे हुए आवेदन की हार्ड कॉपी, समस्त आवश्यक समर्थित दस्तावेजों, साक्ष्यों तथा फोटोग्राफ्स सहित, **क्र.सं. 1 से 3 तक में वर्णित पुरस्कारों के लिए एसएलएमए के माध्यम से अग्रेषित करें।** क्र.सं. 4 'रिसोर्स सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (यूनिवर्सिटी डिपा. ऑफ एडल्ट एण्ड कन्टिन्यूइंग एजुकेशन, एसआरसीज, जेएसएसेज तथा अन्य संगठन)' में वर्णित पुरस्कार के लिए आवेदन सीधे प्रेषित करें। पुरस्कार की श्रेणी लिफाफे के शीर्ष पर स्पष्ट रूप से अंकित करें।

आवेदन केवल **स्पीड पोस्ट** (भारतीय डाक सेवा) के माध्यम से **03 अगस्त, 2017 को सायं 04.00 बजे अथवा इससे पूर्व** निम्नांकित पते पर पहुंच जाने चाहिए। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन विचारणीय नहीं होंगे तथा किसी भी रूप में प्रभाव डालने की कोशिश को अयोग्यता समझा जाएगा।

निदेशक, डिपार्टमेंट ऑफ कन्टिन्यूइंग एण्ड एडल्ट एजुकेशन एण्ड एक्सटेंशन वर्क, एस.एन.डी.टी. विमेन'ज यूनिवर्सिटी, पहली मंजिल, पाटकर हाल बिल्डिंग, 1, नाथीबाई ठाकरसे रोड, मुम्बई-400020, भारत

साक्षर भारत के अंतर्गत उपलब्धियां

- वर्ष 2009 से एक संघशासित क्षेत्र तथा 26 राज्यों में 397 कम महिला साक्षरता वाले जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।
- राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग) द्वारा वर्ष 2010 से अगस्त, 2016 तक चलाए गए बुनियादी साक्षरता मूल्यांकनों में 5.88 मिलियन विद्यार्थी (जिनमें 4.16 मिलियन महिलाएं शामिल हैं) सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए हैं।

डीएवीपी 21102/11/0001/1718